बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 184 ● नई दिल्ली ● वीरवार 07 मई 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4

रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन
बी-2/370, सुल्तानपुरी
दिल्ली-86

### भाटी माइंस के जंगल में 14 वर्षीय बच्चे का शव मिला, गला घोंटकर हत्या की आशंका, पुलिस ने शुरू की जांच

**नई दिल्ली ।** (वेबवार्ता) दक्षिण दिल्ली के भाटी माइंस जंगल में एक 14 वर्षीय किशोर का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। प्राथमिक जांच में गला घोंटकर हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन तफ्तीश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना भाटी माइंस के घने जंगल वाले इलाके में हुई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। किशोर की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है, लेकिन उसकी उम्र लगभग 14 वर्ष बताई जा रही है। शव मिलने के तरीके से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी हत्या गला घोंटकर की गई है।

## वंदे मातरम गीत को राष्ट्रगान जैसा दर्जा, कैबिनेट की मंजूरी अपमान करने या गायन में बाधा डालने पर सजा-जुर्माना

**नई दिल्ली ।** पश्चिम बंगाल और असम में शानदार जीत के बाद, नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रगान वंदे मातरम को जन गण मन के समान दर्जा देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी - इन चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश - के चुनाव परिणामों के बाद मंगलवार को हुई पहली कैबिनेट बैठक में लिया गया। मंत्रियों ने पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत बताते हुए प्रधानमंत्री को बधाई भी दी। अधिकारियों के अनुसार, सरकार ने राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम संबंधी अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी है ताकि वंदे मातरम को भी उसी कानूनी ढांचे के अंतर्गत लाया जा सके जो वर्तमान में राष्ट्रगान को संरक्षण प्रदान करता है। इसके लागू होने के बाद, वंदे मातरम के गायन के दौरान किसी भी प्रकार का अनादर या बाधा डालना संज्ञेय



अपराध माना जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज, संविधान या राष्ट्रगान के अपमान से जुड़े मामलों में दंड का प्रावधान है, जिसमें कारावास, जुर्माना या दोनों शामिल हैं। प्रस्तावित संशोधन वंदे मातरम पर भी इन प्रावधानों को लागू करेगा, जिसका अर्थ है कि उल्लंघन करने पर भी इसी तरह के कानूनी परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। मौजूदा नियमों के तहत, कोई भी व्यक्ति जो जानबूझकर राष्ट्रगान गाने में बाधा डालता है या उसे बाधित करता है, उसे 3 साल तक का कारावास, जुर्माना या दोनों का सामना करना पड़ सकता है। बार-बार अपराध करने वालों को कम से कम एक साल की कैद की सजा हो सकती है। उम्मीद है कि संशोधन लागू होने के बाद ये प्रावधान राष्ट्रगान पर भी लागू होंगे। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम का भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और सांस्कृतिक इतिहास में विशेष स्थान है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब देश इस प्रतिष्ठित रचना की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है, जिससे मंत्रिमंडल के इस निर्णय का प्रतीकात्मक महत्व और भी बढ़ जाता है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज के अनादरपूर्ण उपयोग को रोकने के लिए 2005 में भी इसी प्रकार के संशोधन किए गए थे। पिछले वर्ष दिसंबर में संसद में हुई एक विशेष चर्चा के दौरान भी वंदे मातरम को समान दर्जा देने की मांग उठाई गई थी, जो इसकी 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की गई थी। प्रस्तावित संशोधन को जल्द ही संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। यदि यह पारित हो जाता है, तो यह भारत द्वारा अपने राष्ट्रीय प्रतीकों को कानूनी रूप से मान्यता देने और उनकी रक्षा करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव लाएगा।

## दिल्ली चुनाव में हार के डेढ़ साल बाद जगी कांग्रेस, फेरबदल की तैयारी में आलाकमान

**नई दिल्ली ।** दिल्ली में कांग्रेस संगठन को नई दिशा देने के लिए बड़े स्तर पर बदलाव किए गए हैं. शीर्ष नेतृत्व की मंजूरी के बाद प्रदेश इकाई में कई अहम नियुक्तियां की गई हैं, जिनसे आने वाले चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने अपनी रणनीति साफ कर दी है. मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और के.सी. वेणुगोपाल की स्वीकृति के बाद दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी में बड़ा संगठनात्मक बदलाव किया गया है. देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता में 12 उपाध्यक्ष और 26 महासचिव नियुक्त किए गए हैं. साथ ही 31 सदस्यीय पॉलिटिकल अफेयर कमेटी का भी गठन किया गया है, जो भविष्य की रणनीति तय करने में अहम भूमिका निभाएगी. पूर्व विधायक और वर्तमान में मीडिया विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज को संगठन महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है. उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और संघर्ष के दौर में निभाई गई सक्रिय भूमिका को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह जिम्मेदारी दी है. उन्हें दिल्ली कांग्रेस का एक मजबूत रणनीतिकार माना जाता रहा है. नई नियुक्तियों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन में संतुलन और समावेशिता का पूरा ध्यान रखा गया है. टीम में पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, युवा, महिलाएं, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक और सेवा दल के सदस्यों को शामिल किया गया है. पार्टी का कहना है कि सभी धर्म, जाति और वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की गई है, ताकि संगठन व्यापक स्तर पर मजबूत हो सके. देवेन्द्र यादव ने नई टीम को लेकर भरोसा जताया है कि यह संगठन को नई ऊर्जा देगी. उन्होंने कहा कि यह टीम याद्दा क्षमता के साथ काम करेगी और दिल्ली में कांग्रेस के जनाधार को फिर से मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी. आने वाले चुनावों में बेहतर प्रदर्शन और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने में यह टीम कारगर साबित होगी.

## भाजपा ने लगाया कांग्रेस पर सहयोगियों को इस्तेमाल करके फेंकने का आरोप

**नई दिल्ली ।** भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर सहयोगियों को इस्तेमाल करके फेंकने का आरोप लगाया है, जिसका ताजा उदाहरण तमिलनाडु में डीएमके से दूरी बनाना है। कांग्रेस द्वारा विजय की पार्टी टीवीके को समर्थन देने के फैसले के बाद, पुराने सहयोगी डीएमके ने इसे धोखा बताया है, जिससे इंडिया गठबंधन में दरार और गहरी हो गई है। कांग्रेस की तीखी आलोचना करते हुए भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बुधवार को पार्टी पर अपने सहयोगियों को धोखा देने का आरोप लगाया और कहा कि वे अपने गठबंधन सहयोगियों का उपयोग करके छोड़ देते हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने आरजेडी, शिवसेना, एनसीपी और अब डीएमके जैसी पार्टियों का उपयोग करके उन्हें त्याग दिया है, और भारतीय गठबंधन को एक स्पष्ट लक्ष्य और दूरदृष्टि से रहित बताया। एएनआई से बात करते हुए पूनावाला ने कहा कि गठबंधन सहयोगियों के मामले में कांग्रेस सबसे बड़ी धोखेबाज पार्टी है। वे गठबंधन सहयोगियों, क्षेत्रीय पार्टियों का उपयोग करके उन्हें त्याग देते हैं। हमने देखा है कि उन्होंने आरजेडी का उपयोग किया और उसे त्याग दिया। उन्होंने शिवसेना, उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी के शरद पवार गुट का उपयोग किया और उन्हें त्याग दिया। अब उन्होंने डीएमके का उपयोग किया, सीटें हासिल कीं, और उन्हें त्याग रहे हैं। इसलिए भारतीय गठबंधन एक लक्ष्य और दूरदृष्टि वाला गठबंधन नहीं है। शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर क्षेत्रीय सहयोगियों का अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और इंडी गठबंधन को भ्रम, विभाजन और भ्रष्टाचार से भरा हुआ बताया, जो सत्ता की लालसा से प्रेरित है। पूनावला ने कहा कि यह भ्रम, विभाजन, भ्रष्टाचार, सत्ता की महत्वाकांक्षा और मोदी जी के प्रति जुनून का गठबंधन है। इसलिए वे एक साथ आए। लेकिन अब, इंडी गठबंधन कहां है? क्या यह बंगाल चुनाव में था? क्या यह केरल चुनाव में था? यह पूरे देश में कहां है? क्या आपको इंडी गठबंधन दिखाई देता है? महाराष्ट्र और बिहार में भी उनका गठबंधन टूट रहा है। इसलिए डीएमके और कांग्रेस का तीन तलाक हो गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कांग्रेस को सिर्फ सत्ता की लालसा है। उन्होंने डीएमके का इस्तेमाल किया और फेंक दिया, और कांग्रेस का व्यवहार हमेशा ऐसा ही होता है, जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है, यह एक परजीवी की तरह है। यह सिर्फ वोट बैंक के लिए क्षेत्रीय पार्टी का इस्तेमाल करती है, और एक बार वोट बैंक मिल जाने पर, यह आगे बढ़ जाती है। इस बीच, भारत गठबंधन में दरार खुलकर सामने आ गई है। कांग्रेस और डीएमके के बीच सबसे लंबे समय से चले आ रहे गठबंधनों में से एक अब टूटने की कगार पर है, क्योंकि कांग्रेस ने तमिलनाडु में विजय के नेतृत्व वाली सरकार को समर्थन देने की मंजूरी दे दी है। द्रविड़ मुन्नेत्र कज़गम (डीएमके) के प्रवक्ता सरवनन अन्नादुरई ने बुधवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए इस फैसले को दूरदर्शिता की कमी वाला बताया और उन पर भारत के सहयोगी दलों को धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि कांग्रेस का यह रुख बहुत ही अदूरदर्शी और संकीर्ण है, जिसका उन्हें पछतावा होगा। 2029 के बड़े चुनाव आ रहे हैं, जिनमें हमें पूरा भरोसा है कि हम भाजपा को सत्ता से बाहर कर देंगे। लेकिन अब कांग्रेस के इस फैसले से वे एक बहुत ही अस्थिर सहयोगी बन गए हैं। पूरे देश में यही धारणा बन गई है कि कांग्रेस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। सूत्रों के अनुसार, विजय के नेतृत्व वाली पार्टी को 2026 के विधानसभा चुनावों में बहुमत के लिए 10 सीटें कम मिलने के बाद, कांग्रेस ने सर्वसम्मति से राय में सरकार बनाने के लिए तमिलगा वेत्री कज़गम (टीवीके) का समर्थन करने का फैसला किया है।

## मुंडका में सिस्टम की लापरवाही ने ली 2 साल की मासूम की जान, खुले नाले में गिरकर मौत

**नई दिल्ली ।** दिल्ली में बुनियादी ढांचे की अनदेखी एक बार फिर एक मासूम की जिंदगी पर भारी पड़ी. बाहरी दिल्ली के मुंडका इलाके में खुले नाले में गिरने से दो साल की एक बच्ची की मौत ने सिस्टम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. सफाई के बाद नाले को ढंकने में बरती गई लापरवाही ने एक मां-बाप की इकलौती संतान को उससे छीन कर जिंदगी भर न भूलने वाला गम दे दिया. बाहरी दिल्ली स्थित मुंडका इलाके के 60 फुटा रोड स्थित राज मंदिर के सामने रहने वाले विकास अपनी पत्नी के साथ शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे रोजमर्रा के कामों में व्यस्त थे. इसी दौरान उनकी दो साल की बेटी अंशिका घर के बाहर खेल रही थी. जो खेलते-खेलते उनकी नजरों से ओझल हो गई, और परिवार में हड़कंप मच गया.

परिजनों ने तुरंत आसपास खोजबीन शुरू की, लेकिन जब कोई पता नहीं चला तो उन्होंने पड़ोसियों से पूछताछ की और उन्हें भी साथ लेकर उसकी तलाश में जुट गए. करीब आधे घंटे बाद घर के पास ही खुले नाले के भीतर बच्ची के गिरने का पता चला. तुरंत ही परिजनों ने उसे बाहर निकाला और अस्पताल ले ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि**

पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ कि बच्ची की मौत पानी में डूबने के कारण हुई. घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संबंधित परिस्थितियों की पड़ताल की जा रही है.

**नाले की सफाई के बाद नहीं लगाया गया ढक्कन**

स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब एक माह पहले सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने नाले की सफाई करवाई थी. सफाई के दौरान नाले के ऊपर से ढक्कन हटाया गया, लेकिन बाद में उसे दोबारा बंद नहीं किया गया. इसी लापरवाही ने नाले को खुले खतरे में बदल दिया. बताया जा रहा है कि यह नाला करीब 60 फुट के डेड-एंड हिस्से से जुड़ा है, जहां से पानी का बहाव दिल्ली से हरियाणा की ओर मुड़ता है. इस संरचना के कारण नाले में गिरने के बाद उससे बाहर निकल पाना लगभग असंभव सा हो जाता है जो हादसों को और भी खतरनाक बना देता है.

**शव घर पहुंचते ही फूटा लोगों का गुस्सा**

बताया जा रहा है कि, मृत बच्ची के पिता विकास की शादी करीब तीन साल पहले हुई थी और अंशिका उनकी इकलौती संतान थी. जिसे विभागीय लापरवाही ने उनसे छीन लिया. पोस्टमार्टम के बाद जब बच्ची का शव घर लाया गया तो इलाके में आक्रोश फैल गया. स्थानीय लोगों ने घटना को प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई और सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन गई.

**विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप**

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए. उनका कहना था कि यदि सफाई के बाद नाले को ठीक से ढक दिया जाता तो यह हादसा नहीं होता. लोगों ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराने की कोशिश की. अधिकारियों ने जांच और उचित कार्रवाई का भरोसा देकर स्थिति को नियंत्रित किया.

**पहले भी हो चुके हैं हादसे, फिर भी नहीं सुधरी व्यवस्था**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस तरह के हादसे इलाके में पहले भी हो चुके हैं. इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों ने स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए, जिससे खतरा लगातार बना हुआ है.

## एसी ब्लास्ट हुआ या कोई चूक, कारण तलाश रहीं एजेंसियां; छानबीन में इमारत में मिलीं कई खामियां

**दिल्ली ।** विवेक विहार के पॉश बी-ब्लॉक में चार मंजिला इमारत में लगी आग में नौ लोगों की जान चली गई थी। पुलिस के अलावा तमाम एजेंसियां आग की वजहों का पता लगाने में जुटी हैं। मंगलवार को इलेक्ट्रिसिटी इंस्पेक्टर (विद्युत निरीक्षक) व दिल्ली नगर निगम की टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। इलेक्ट्रिसिटी इंस्पेक्टर ने इमारत की बेहद बारीकी से पड़ताल की। सूत्रों ने कहा कि इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा कि बिल्डिंग में हादसे के समय कितना इलेक्ट्रिसिटी लोड चल रहा था। इसके अलावा बिल्डिंग में लगे बिजली के मीटर पर कितना लोड मंजूर था। माना जा रहा कि तय लोड से यदि यादा लोड चल रहा था तो आग की संभावना बनी हुई थी। वहीं मामले की जांच कर रही टीम के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक की जांच में यह पता चला कि आग इमारत के पिछले हिस्से में दूसरी मंजिल की बालकनी से शुरू हुई। आशंका है कि यहीं पर एसी ब्लास्ट हुआ और आग ऊपरी मंजिलों की ओर बढ़ी। बाद में हादसे में कई लोगों की जान चली गई। दूसरी ओर नगर निगम की टीम ने इमारत में हुए अवैध निर्माण की जानकारी जुटाने के लिए पहुंची थीं। टीम ने पूरी इमारत का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान पता चला कि बिल्डर ने स्टिल्ट पार्किंग के अलावा अवैध रूप से इमारत में बेसमेंट का भी निर्माण किया था। इसके अलावा अवैध रूप से पीछे की बालकनी को लोहे का जाल लगाकर कवर किया गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को जांच में शामिल होने के लिए दिल्ली फायर सर्विस की टीम को भी बुलाया गया था। किसी कारण टीम मौके पर नहीं पहुंची। सूत्रों का कहना है कि बुधवार को दमकल की टीम अपनी जांच के लिए आएगी। मंगलवार को क्राइम टीम के अधिकारी एक बार फिर जांच के लिए मौके पर पहुंचे। शाहदरा जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आग के सही कारणों का पता करने में अभी कुछ और दिन का समय लगेगा। एफएसएल के अलावा दूसरे विभाग अपनी-अपनी रिपोर्ट बनाकर पुलिस को सौंपेंगे। इसके बाद ही आग की वजहों तक पहुंचा जा सकेगा। जांच के बाद ही इमारत को दोबारा से रहने के लिए खोला जाएगा। हादसे में चली गई थी नौ लोगों की जान – विवेक विहार के पॉश एरिया बी-ब्लॉक में रविवार तड़के एक चार मंजिला मकान में आग लग गई थी। हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों समेत कुल 9 लोगों की जान चली गई। करीब छह लोग जख्मी हो गए। पुलिस व दमकल की टीम ने 15 लोगों को ऊपरी मंजिलों से सुरक्षित निकाला। आग लगने के पीछे एसी ब्लास्ट को बताया जा रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**जांच दल को इमारत में यह मिली खामियां**

पूरी इमारत में आने-जाने के लिए एक ही जीने (सीढ़ियों) का इस्तेमाल।

सीढ़ियों की चौड़ाई कम, उसमें ममटी के पास कोई वेंटिलेशन भी नहीं।

इमारत में स्टिल्ट पार्किंग के साथ बेसमेंट और ऊपर चार मंजिलों का अवैध निर्माण। सीढ़ियों को पार्किंग के बीचों-बीच बनाया गया, पार्किंग में आग लगने ऊपर के लोग फंसे। पूरी इमारत में आग से बचाव के कोई इंतजाम नहीं, न कोई सिलिंडर न कोई पानी का टैंक।

# अनाज भंडारण के लिए शाहबाद-अंबाला के बीच बनाया जाए बड़ा साइलो - मुख्यमंत्री सैनी

चंडीगढ़ ।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अनाज को खराब होने से बचाने के लिए जरूरी है कि प्रदेश में पर्याप्त संख्या में वेयरहाउस व साइलो उपलब्ध हों। इसके लिए संबंधित विभाग विस्तृत कार्ययोजना बनाकर जल्द से जल्द अनाज भंडारण की समस्या का स्थाई समाधान निकालें। उन्होंने निर्देश दिए कि अनाज भंडारण के लिए शाहबाद व अंबाला के बीच साइलो (विशाल वेयरहाउस) बनाने की योजना तैयार की जाए। श्री नायब सिंह सैनी बुधवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ प्रदेश में अनाज भंडारण तथा पलवल व नूंह क्षेत्रों में जलापूर्ति के प्रबंधों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारीगण उपस्थित थे।

**साइलो के लिए रेल व सड़क के बीच 100 एकड़ तक भूमि चिह्नित करने के निर्देश**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे किसानों द्वारा अनाज उत्पादन के लिए दिन-रात मेहनत की जाती है। इस अनाज के सुरक्षित भंडारण के लिए पर्याप्त संख्या में वेयरहाउस भी होने आवश्यक हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शाहबाद व अंबाला के बीच किसी ऐसे स्थान पर साइलो (विशाल वेयरहाउस) के निर्माण की योजना बनाई जाए जो रेलवे लाईन व सड़क मार्ग के बीच हो। ऐसा करने से कम खर्च में पूरे देश के साथ साइलो की कनेक्टिविटी संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा कि साइलो के लिए रेलवे लाईन व सड़क के बीचों-बीच आवश्यकता अनुसार 100 एकड़ तक जमीन अधिगृहीत कर ली जाए। उन्होंने अधिकारियों को जमीन अधिगृहण व साइलो निर्माण की योजना तैयार करने का कार्य एक माह में पूरा करने के निर्देश दिए।

**हिसार में फल-सब्जियों के सुरक्षित भंडारण की कार्ययोजना पर जोर**



मुख्यमंत्री ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के मद्देनजर वहां सब्जियों व फलों की काफी अधिक मांग है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन को हिसार एयरपोर्ट के समीप भी एक साइलो अथवा बड़े वेयरहाउस की स्थापना की कार्ययोजना तैयार करने को कहा जहां सब्जियों व फलों का सुरक्षित भंडारण किया जा सके और इन्हें हिसार एयरपोर्ट के माध्यम से मिडिल ईस्ट में सप्लाई किया जा सके। ऐसा करके प्रदेश के सब्जी व फल उत्पादक किसानों को उनके उत्पादों के अधिक दाम मिल सकेंगे।

**नहरी पानी की जलापूर्ति की योजना बनाएं अधिकारी**

जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पलवल व नूंह क्षेत्र के 108 गांवों तथा पुन्हाना नगर में ट्यूबवेल आधारित पेयजल आपूर्ति की जाती है। इसलिए भूमिगत जलस्तर को बनाए रखने के लिए जमीन को रिचार्ज करने हेतु विभाग द्वारा 7 रैनी वेल व बूस्टिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। इस कार्य पर 765 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके साथ-साथ जिन क्षेत्रों में ट्यूबवेल से जलापूर्ति की जाती है उन क्षेत्रों में नहरी पानी से जलापूर्ति की योजना बनाई जाए, क्योंकि आने वाले समय में नूंह व पलवल एरिया में नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित होंगे और वहां जनता को अधिक मात्रा में पानी की आवश्यकता होगी।

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में अनाज भंडारण तथा पलवल व नूंह क्षेत्र में जलापूर्ति के संबंध में किया मंथन**

**'एक पेड़ मां के नाम' योजना के तहत बड़ी संख्या में पौधे लगाने के निर्देश**

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर पूरे प्रदेश में अधिक से अधिक पौधारोपण करवाया जाए। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में 'एक पेड़ मां के नाम' योजना के माध्यम से अभी से बड़ी संख्या में पेड़ लगवाने शुरू कर दिए जाएं ताकि प्रदेश के हरित क्षेत्र को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगवाए जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पौधों को समय पर पानी मिले ताकि वे पूर्ण विकसित हो सकें। इसके लिए अधिकारी समुचित कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विजयेंद्र कुमार, जन स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री जे.गणेशन तथा हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के एमडी डॉ. शालीन सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## आसाम में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत में महीपाल ढांडा की संगठन क्षमता बनी बड़ी ताकत

चंडीगढ़ । (संवाददाता) आसाम में भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार अपने दम पर पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाकर एक नया राजनीतिक अध्याय रचा है। आसाम की इस ऐतिहासिक जीत के पीछे जहां स्थानीय नेतृत्व की मजबूत रणनीति रही, वहीं देश के विभिन्न रायों से पहुंचे पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की मेहनत भी अहम रही। इसी क्रम में हरियाणा के नेताओं की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय मानी जा रही है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने चुनाव के दौरान आसाम के कई महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने का जिम्मा संभाला। उनकी रणनीतिक सोच और जमीनी पकड़ का असर चुनावी माहौल में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। मधुर व्यक्तित्व, सरल स्वभाव और कुशल वक्ता के रूप में पहचान रखने वाले महीपाल ढांडा ने आसाम में अपनी कार्यशैली के प्रभाव से भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व को भी चकित किया। उन्होंने न केवल संगठन के भीतर समन्वय स्थापित किया, बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच नई ऊर्जा का संचार भी किया। महीपाल ढांडा ने अपने दौरे के दौरान सबसे पहले संगठन की आंतरिक चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने पार्टी से नाराज और निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को मनाकर दोबारा सक्रिय किया, जिससे जमीनी स्तर पर भाजपा की पकड़ मजबूत हुई। इसके साथ ही उन्होंने अन्य राजनीतिक दलों के दर्जनों प्रभावशाली नेताओं को भाजपा में शामिल करवाया, जिससे पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ढांडा की यह रणनीति भाजपा के लिए गेमचेंजर साबित हुई। जिन क्षेत्रों में पहले पार्टी कमजोर मानी जा रही थी, वहां भी कार्यकर्ताओं के उत्साह और संगठनात्मक मजबूती ने चुनावी समीकरण बदल दिए। यह जीत केवल आसाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भाजपा के राष्ट्रीय संगठन की ताकत और समन्वय क्षमता का भी प्रमाण है। विभिन्न रायों के नेताओं का एकजुट होकर काम करना और स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार रणनीति बनाना, भाजपा की चुनावी सफलता का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। हरियाणा के नेताओं और कार्यकर्ताओं का यह योगदान न केवल राय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि मजबूत संगठन और समर्पित नेतृत्व किसी भी चुनौती को अवसर में बदल सकता है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ भाजपा ने यह संदेश भी दिया है कि यदि संगठन मजबूत हो और नेतृत्व सक्रिय, तो किसी भी राय में राजनीतिक समीकरण बदले जा सकते हैं।

## हरियाणा में 11 मई से प्रदेशव्यापी पशु टीकाकरण महाअभियान का होगा आगाज़ -कृषि मंत्री

(संवाददाता)

चंडीगढ़ । हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि राय के पशुपालकों के हितों और प्रदेश के पशुधन की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा आगामी 11 मई 2026 से पूरे राय में मुंहखुर और गलघोंटू जैसी घातक बीमारियों के विरुद्ध एक विशेष प्रदेशव्यापी टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। एक महीने तक चलने वाले इस व्यापक अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुओं को इन जानलेवा छूत की बीमारियों से बचाकर पशुपालकों को संभावित आर्थिक नुकसान से सुरक्षित करना है। श्री राणा ने बताया कि इस टीकाकारण अभियान में पशुपालकों की सुविधा के लिए विभाग की विशेष टीमें सीधे पशुपालकों के घर-द्वार पर पहुँचेंगी। पशुपालकों को अपने पशुओं को लेकर अस्पतालों के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि विभाग के कुशल पशु चिकित्सक और सहायक घर-घर जाकर इस सेवा को सुनिश्चित करेंगे। सरकार के निर्देशानुसार, यह टीकाकरण-सेवा



पूरी तरह से निःशुल्क प्रदान की जाएगी, ताकि प्रदेश के छोटे से छोटे पशुपालक पर भी कोई आर्थिक बोझ न पड़े। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रधान सचिव श्री विजय सिंह दहिया ने बताया कि टीकाकरण अभियान के तहत 4 महीने से अधिक आयु की सभी गायों और भैंसों का टीकाकरण किया जाएगा। पहले इन रोगों के लिए अलग-अलग टीके लगाए जाते थे, लेकिन अब हरियाणा देश का पहला और एकमात्र ऐसा राय बन गया है जहाँ इन दोनों बीमारियों से बचाव के लिए एक ही संयुक्त टीके का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे पशुओं को बार-बार होने वाली पीड़ा से राहत मिली है और पशुधन का प्रबंधन भी सुगम हुआ है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के महानिदेशक डॉ0 प्रेम सिंह ने बताया कि ने इस महा-अभियान की सफलता के लिए वैक्सीन के परिवहन और भंडारण हेतु पुख्ता इंतजाम किए हैं। टीकों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आइस लाइन्ड रेफ्रिजरेटरों (डूफ्रिज) और कोल्ड चैन का विशेष प्रबंधन किया गया है। उन्होंने आह्वान किया कि वे इस अभियान को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें। जब भी विभाग की टीम उनके गांव या घर पर आए, तो अपने सभी पात्र पशुओं का टीकाकरण अवश्य करवाएं। पशुपालकों को समझना होगा कि समय पर किया गया

**- कहा, पशुओं को जानलेवा छूत की बीमारियों से बचाना है मुख्य उद्देश्य**

यह टीकाकरण न केवल उनके पशुधन को सुरक्षा कवच प्रदान करेगा, बल्कि प्रदेश की डेयरी अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती देगा। उल्लेखनीय है कि मुंहखुर रोग एक खतरनाक वायरस के कारण होता है, जिससे पशुओं के मुंह और खुरों पर छाले पड़ जाते हैं, जिससे वे खाना-पीना छोड़ देते हैं और उनके दुग्ध उत्पादन व कार्य क्षमता पर बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वहीं, गलघोंटू रोग एक गंभीर बैक्टीरिया जनित बीमारी है, जिसमें पशु के गले में सूजन आ जाती है और सांस लेने में भारी तकलीफ के कारण चंद घंटों में ही पशु की मृत्यु हो सकती है। उन्होंने बताया कि अभियान से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए पशुपालक अपने नजदीकी राजकीय पशु चिकित्सालय या औषधालय में संपर्क कर सकते हैं।

## प्रदेश में कहीं भी पीने के पानी की कमी नहीं आने दी जाएगी- श्रुति चौधरी



**सरकार प्रदेशवासियों को पर्याप्त और स्वछ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध**

(संवाददाता)

चंडीगढ़ । हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा कि प्रदेश में कहीं भी पीने के पानी की कमी नहीं आने दी जाएगी। सरकार प्रदेशवासियों को पर्याप्त और स्वछ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने यह बात आज सिंचाई विभाग एवं जन अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कही । श्रीमती चौधरी ने प्रदेश में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त पंप लगाकर पानी के टैंकों को समय पर भरना सुनिश्चित करें, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से संसाधनों या धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट कहा कि अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ करें, यदि किसी ने ड्यूटी में कोताही की तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने प्रदेश के नागरिकों से भी अपील की कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए पानी का उपयोग जरूरत के अनुसार करें।

उन्होंने कहा कि पानी एक अमूल्य संसाधन है, इसलिए इसका दुरुपयोग न करें और केवल आवश्यकता के अनुसार ही इस्तेमाल करें, ताकि सभी को पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि हांसी ब्रांच में सोमवार 4 मई, 2026 को पानी छोड़ दिया गया था , यह पानी सुंदर सब ब्रांच होते हुए भिवानी शहर के पानी के टैंकों तक पहुंच गया है । इससे भिवानी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति में सुधार होगा।

## नगर निकाय चुनावों में मतदाताओं की सुविधा के व्यापक इंतजाम - राय निर्वाचन आयोग



चंडीगढ़ । (संवाददाता) हरियाणा राय निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में आयोजित होने वाले आगामी स्थानीय नगर निकाय चुनावों के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मतदान केंद्रों पर व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**मतदान केंद्रों पर साइनज, हेल्प डेस्क की विशेष सुविधाएं सुनिश्चित**

प्रवक्ता ने बताया कि आयोग द्वारा सभी उपायुक्तों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मतदान दिवस पर मतदाताओं को सुगम एवं व्यवस्थित मतदान का अनुभव प्रदान किया जाए। इसके तहत मतदान केंद्रों पर स्पष्ट संकेतक (साइनज), हेल्प डेस्क, पेयजल, शौचालय तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि मतदाता आसानी से अपने बूथ तक पहुंच सकें। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं अस्वस्थ मतदाताओं के लिए

**दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष व्यवस्था के निर्देश**

प्राथमिकता के आधार पर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। ऐसे मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर तथा अलग कतारों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि उन्हें बिना किसी परेशानी के मतदान का अवसर मिल सके। प्रवक्ता ने बताया कि महिलाओं की सुविधा एवं गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए महिला स्टाफ की नियुक्ति, पृथक कतारें तथा आवश्यकतानुसार अलग व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही मतदान केंद्रों पर प्राथमिक उपचार (फर्स्ट-एड) की सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा जरूरत पड़ने पर पैरामेडिकल स्टाफ की भी तैनाती की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर भीड़ अधिक रहने की संभावना है, वहां विशेष प्रबंधन किया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त स्टाफ, वाहनों की उपलब्धता तथा एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों की सहायता ली जाएगी, ताकि कतारों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके। प्रवक्ता ने बताया कि प्रत्येक जिले में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं एवं मतदाता कल्याण उपायों की निगरानी करेगा। सभी संबंधित अधिकारियों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है, ताकि चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

